# विद्या समाचार पत्रिका

सा विद्या या विमुक्तये — विद्या भारती

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, झारखण्ड — स्वयमेव मृगेन्द्रता

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र

राँची * जुलाई-सितम्बर- 2023 *श्रावण शुक्ल - आषाढ़ शुक्ल *युगाब्द- 5125 *विक्रम संवत्- 2080 * वर्ष 3, अंक 10


## संपादकीय



आदरणीय बंधु/भगिनी

सादर नमस्ते!

*एक राष्ट्र एक चिंतन मन में*
*कोटि–कोटि जनता की जय हो*
*भारत भू को शोभित करने*
*फिर से शीर्ष पर धरा के*
*भारत जननी एक हृदय हो।*

इसी ध्येय वाक्य को ध्यान में रखकर हम माँ भारती के उपासक अपनी पूरी उर्जा एवं साधना से माँ भारती को विश्व पटल पर सबसे आगे रखने के लिए कटिबद्ध है। भारत जैसे विशाल देश में सांस्कृतिक एकता ही हमारा बल है। भिन्न–भिन्न प्रकार के खान–पान, भाषा–बोली, रंग–रूप होने के बाद भी अनेकता में एकता हमारी विशेषता है। भारत सदैव सभी को साथ लेकर चलने का पक्षधर रहा है। देश के नाम को लेकर राजनीति बहस शुरू करने वाले भी अपने समाज के ही हमारे बंधु–बांधव हैं। इस प्रकार की चर्चा खतरा उत्पन्न करती है। देश को जितना बाह्य खतरा है उससे कम आंतरिक बारूदी बुद्धिजीवि से भी है। अंग्रेजों के समय से प्रचलन में आए इंडिया नाम के स्थान पर भारत लिखना या बोलना गलत नहीं है। 'भारत' सदियों पुराना नाम है। भारत के उच्चारण से ही अपने अंदर 'स्व' का भाव आने लगता है। यह हमारी संस्कृति के पुराने पहचान को इंगित करता है। अगर भारत बोलने से स्वाधीनता का भाव हमारे मन–मस्तिष्क में आता है और यह गैर संवैधानिक भी नहीं है तो क्यों नही हम अपने–आपको भारतवासी बोलकर गर्व की अनुभूति करें। आज ऐसे बहस में हमें उलझना नहीं है। हम अब विश्व को विज्ञान के जगत में नई राह दिखा रहे हैं। चन्द्रयान 3 चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर अपना कमाल दुनिया को दिखा रहा है। हम विश्व के प्रथम देश बने जिसने दक्षिणी ध्रुव पर अपना कोई यान उतारा। हमने सूर्ययान भी सूर्य के क्रियाकलापों के अध्ययन हेतु अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद के हमारे पूर्व छात्र भैया सूरज एवं खलारी, राँची के भैया दीपक इस अभियान का हिस्सा रहे। हमें इन पर गर्व है। हमारी गौरवशाली इतिहास आज दुनिया भूल गई है। उसी 'स्वत्व' को जगाने का कार्य हमारी सरकार अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति के माध्यम से कर रही है। आज विश्व के विकसित देश भी हमारी ओर समाधान प्राप्ति की आशा में टकटकी लगाए देख रही है। भारत अब समस्या गिनानेवाला देश नहीं (जैसे पूर्व में अन्य राष्ट्रों का मत था)। समाधान बताने वाला राष्ट्र बन रहा है। ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में हमारी तरक्की आज दुनियाँ को हतप्रभ कर रहा है। आंतरिक समस्याओं का समाधान ढूँढ़ते हुए, देश को तोड़ने वाली शक्तियों को, सनातनी परंपरा को खत्म करने का दम्भ भरने वाले को राष्ट्र की जनता ही संवैधानिक रूप से जवाब देगी, ऐसा विश्वास है।

मान्यवर/मान्या! विगत माह में हमने सांगठनिक अनेक कार्यक्रमों को प्रशिक्षण वर्गों को तथा महापुरूषों के जयंतियाँ मनाया। प्रांत के द्वारा आयोजित चित्रकला, सुलेख एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हो चुका है। परिणाम आना शेष है। भैया–बहन भी खेल–कूद प्रतियोगिताओं के साथ अर्द्धवार्षिक परीक्षा दे चुके होंगे। सभी को शुभकामनाएँ। संकट आते रहेंगे, हम उन्हें मात देते रहेंगे। सूर्य अंधकार के भय से छिपकर नहीं रहता।

।। भारत माता की जय ।।

**आपका ही**
**मनोज कुमार**







भास्कर एक्सक्लूसिव

**मिशन में धनबाद के दो होनहार... गौरवान्वित है शहर**

# धनबाद फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर — धनबाद, बुधवार 23 अगस्त, 2023 | 2

आईआईटी आईएसएम के विभिन्न विभागों में बुधवार को विद्यार्थी चंद्रयान-3 की लैंडिंग लाइव देखेंगे। इसके लिए स्क्रीन्स लगाए गए हैं।

## चंद्रयान-3 टीम में आईआईटी धनबाद के भरत और राजकमल के सूरज भी शामिल



**धनसार अनुग्रह नगर के लोगों को सूरज पर गर्व**

राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्ववर्ती छात्र सूरज कुमार को स्कूलिंग के दौरान 4 साल बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड मिला था। धनसार अनुग्रह नगर निवासी पिता पवन कुमार ठाकुर घरों में ट्यूशन पढ़ाकर सूरज की पढ़ाई पूरी कराई। माता अनुराधा ठाकुर गृहिणी हैं। पिता ने बताया कि स्कूल के बाद सूरज ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया, जहां वे टॉपर रहे। वर्तमान में इसरो में सूरज एसडी के पद पर हैं। पिता कहते हैं कि सूरज अब पूरे देश का बेटा है। पूरा मोहल्ला गदगद है। चंद्रयान-3 की सफलता के लिए ईश्वर से कामना कर रहा है।

## खलारी के दीपक का चंद्रयान- 3 की सफलता में सहभागिता

खलारी, प्रतिनिधि। चंद्रयान -3 की सफल अभियान में चांद की सतह पर तिरंगा लहराने की भारत द्वारा रचा गया इतिहास में झारखंड राज्य के रांची जिला अंतर्गत प्रखंड खलारी के विद्यामंदिर के छात्र दीपक कुमार की सहभागिता रही।

आज जहां देश खुशियों से झूम रहा है। वहीं रांची जिला के खलारी-कोयलांचल में भी इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार पर गर्व किया जा रहा है। दीपक शुरुआत से ही चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों के टीम में शामिल थे। दीपक अपनी पढ़ाई



इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार का फाइल फोटो। ● हिन्दुस्तान

खलारी के करकट्टा विद्यामंदिर से वर्ष 1999 में बोर्ड पास किए। उसके

- खलारी के विद्यामंदिर के छात्र थे दीपक 1999 में किया था बोर्ड पास
- दीपक को 2018में युवा वैज्ञानिक के अवार्ड से किया गया था सम्मानित

बाद प्लस टू डीएवी स्कूल खलारी से किए। वह पढ़ाई में अब्बल थे। उनके पिता का नाम अर्जुन सिंह जो सीसीएल में कार्यरत थे और केडीएच कॉलोनी में रहा करते थे। सीसीएल से सेवानिवृत्ति के बाद उनके पूरा परिवार वर्तमान में रांची में रह रहे हैं। दीपक बेंगलुरु के मैकेनिकल ब्रांच में बीटेक इंजीनियरिंग कंप्लीट किए। उसके बाद बीएआरसी में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में नियुक्त हुए। उसके बाद वहां ढाई वर्ष काम करने के बाद वर्ष 2009 में इसरो में नियुक्त हुए। वर्ष 2018 में भारत सरकार से युवा वैज्ञानिक का अवार्ड भी मिला। इसके अलावा दीपक ने दिव्यपथ साइंस स्कूल के छात्रों के समूह को भी मार्गदर्शन किया, जो कि इस प्रोजेक्ट को नासा द्वारा चुना गया था और उन छात्रों को यूएसए में भ्रमण करने का अवसर मिला।

दीपक वर्तमान में कई समूह फाउंडेशन से जुड़े हुए, जिसमें विसामो किड्स फाउंडेशन, इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड (आईडीवाईएम) और द स्काईफोर यू जैसे कई एनजीओ से भी जुड़े हुए हैं, जहां वह अपना खाली समय वंचित छात्रों को पढ़ाने में बिताते हैं। इधर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने दीपक को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर बना प्रांतीय खेल कूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन

**सिंदरी** | सरस्वती विद्या मंदिर की ओर से कल्याण केंद्र मैदान में आयोजित 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह रविवार को संपन्न हुआ। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद ओवरआल चैंपियनशिप बना। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि कृपा शंकर शर्मा, अजीत कुमार मिश्रा, डॉ राजीव वर्मा, शशि भूषण कुमार गुप्ता, महेंद्र यादव, विवेक नयन पांडेय, गौरी शंकर सिंह, फणींद्र नाथ विभाग निरीक्षक आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय सचिव कृपा शंकर शर्मा ने कहा कि 17 से 19 अक्टूबर तक रजरप्पा में क्षेत्रीय प्रतियोगिता होगी। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि खेल से अनुशासन व सहयोग आता है।

**विभिन्न वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**बाल वर्ग (बहन)** : राजकमल धनबाद 32 अंक प्रथम, रतनपुर टुंडी 21 अंक द्वितीय, कुंडली ओरमांझी 12 अंक तृतीय।
**बाल वर्ग (भैया)** : बसिया 29 अंक प्रथम, राजकमल 22 अंक द्वितीय, रतनपुर टुंडी 22 अंक तृतीय।
**तरुण वर्ग (बहन)** : सिनीडीह 69 अंक प्रथम, राजकमल धनबाद 42 अंक द्वितीय, कुम्हारटोली 31 अंक तृतीय।
**तरुण वर्ग (भैया)**: राजकमल 42 अंक प्रथम, बाघमारा 39 अंक द्वितीय, मनोहरलाल लोहरदगा 35 अंक तृतीय।




## संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन



**नवीनमेल संवाददाता। लोहरदगा** संकुल स्तरीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने कहा कि हम बालिकाओं को अपनी आत्मरक्षा सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए। अगर बालिका शिक्षित होती है तो दो कुलो का संस्कार विकसित होता है ।आज के युग में हमको सब प्रकार से सावधान रहना चाहिए ।बिना शिक्षा के किसी भी प्रकार से हमारा समाज में स्थान प्राप्त नहीं हो सकता। इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। तत्पश्चात गुमला विभाग की बालिका शिक्षा प्रमुख मधुमिता शर्मा बालिका व्यक्तित्व की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई द्वितीय सत्र में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिशु वर्ग में देशभक्ति नृत्य का प्रस्तुतीकरण हुआ ।बाल वर्ग में स्वामी विवेकानंद का चित्र एवं रंगोली बनाओ प्रतियोगिता हुआ। किशोर वर्ग में रंगारंग कार्यक्रम, झालमुड़ी एवं सैंडविच बनाने का कार्यक्रम हुआ ।



सीताराम साव सशिविमं भरनो, बहन आरती कक्षा नवम, बॉलीबाल नेशनल गेम्स में सेलेक्ट। बधाई एवं शुभकामनाएं।



झारखंड सरकार द्वारा आयोजित खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता 2023–24 में सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के कक्षा नवम के भैया प्रिंस राज को स्वर्ण पदक, कक्षा नवम के भैया अंशु कुमार यादव तथा कक्षा सप्तम के भैया आशीष कुमार को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ।

# विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र




## राधा कृष्ण के रूप में सजा प्रतियोगिता एवं मटका फोड़ का किया आयोजन

**चान्हो** ।प्रखंड स्थित बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजूपाड़ा के प्रांगण में राधा-कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता एवं मटका फोड़ का आयोजन किया गयो इस अवसर पर पूरे विद्यालय के सभी भैया बहन राधा-कृष्ण एवं बृजवासी के वेश में विद्यालय आए थेसभी आचार्य जी दीदीजी एवं प्रधानाचार्य जी नंद बाबा और यशोदा मैया के वेश में विद्यालय आऐ पूरा विद्यालय गोकुलधाम की तरह लग रहा थो रूप सज्जा प्रतियोगिता में भैया बहनों नें बढ़ चढ़कर भाग लियो सभी भैया बहन श्री कृष्ण राधा के मनमोहक रूप को धारण करके बहुत प्रसन्न थे राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से प्रथम स्थान - बहन संतोषी एवं भैया ऋषभ को प्राप्त हुओ द्वितीय स्थान पर भैया आदर्श एवं बहन अलका




रहें बाल वर्ग में प्रथम स्थान- बहन कीर्ति सिंह एवं द्वितीय स्थान बहन आफरीन सम्मा को प्राप्त हुओ किशोर वर्ग में प्रथम स्थान भैया कृष्ण कुमार को प्राप्त हुओ प्रतियोगिता में विजित सभी भैया बहनों को मेडल देकर सम्मानित किया गयो इस प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी भैया बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लियो प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय प्रांगण में मटका फोड़ का आयोजन किया गया जिसका आनंद पूरे विद्यालय परिवार ने राधे-राधे की जय कार के साथ उठायो प्रधानाचार्य श्री शंभू कुमार सिंह जी ने भैया बहनों को कार्यक्रम की भूमिका एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बताते हुए भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के लिए अपने पौराणिक वेशभूषा एवं अपने आराध्य के रूप एवं गुण को धारण करने के लिए भैया बहनों को प्रेरित कियो आचार्य श्री सुमेश गोप जी ने कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में विस्तार से पूरी कथा को भैया बहनों के समक्ष रखते हुए उनके जीवन काल में घटित घटनाओं से प्रेरणा लेकर भैया बहनों को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कहो कार्यक्रम में मंचसंचालन सुश्री पूजा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री निलपद महतो जी ने कियो कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य जी एवं दीदी जी उपस्थित थे

## स्कूल में लगी आग तो बना डाला अग्निशमन ड्रोन

**स्कूल इनोवेशन चैलेंज**

**जासं, धनबाद :** दो माह पहले देवघर के एक स्कूल में आग लगी थी। किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर कई प्रश्न जरूर खड़े हो गए। बस यहीं से कुछ ऐसा विकसित करने की प्रेरणा मिली, जिससे कम समय में अधिक से अधिक जानमाल की क्षति से बचाया जा सका।

अग्निशमन ड्रोन इसी का फलाफल है। देवघर के मधुपुर के सुदूरवर्ती स्कूल महेंद्रमुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नौवीं के छात्रों अमन, अंशु एवं रोशन ने यह प्रणाली विकसित की है। इस समय आइएसएम के एनवीसीटीआइ लैब में इसे आकार देने में जुटे हैं। झारखंड स्कूल इनोवेशन चैलेंज जेएच-एसआइसी 2023 का ग्रैंड फिनाले सप्ताह आइएसएम में चल रहा है। इसमें झारखंड के



आइएसएम में आयोजित झारखंड स्कूल इनोवेशन चैलेंज में शामिल छात्र • जागरण

विभिन्न हिस्सों के 10 स्कूलों के 40 से अधिक युवा इनोवेटर्स आठ सितंबर तक अपने विचारों को यहां आकार देंगे। एनवीसीटीआइ के कार्यकारी अधिकारी राजेन दासगुप्ता ने कहा कि ड्रोन परियोजना का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग का काम करता है। देवघर टीम के अलावा अन्य नौ टीमों का प्रयास भी काफी सराहनीय है।

**बिजली आपूर्ति के लिए 2200 एमएएच बैटरी का प्रयोग :** महेंद्रमुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुपुर देवघर के नौवीं कक्षा के छात्र अमन कुमार ने बताया कि अपने दो सहपाठियों अंशु और रोशन के साथ दो परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। एक फायर फाइटिंग ड्रोन और दूसरा सेना सुरक्षा व सुरक्षा शिविर प्रणाली है। अमन ने बताया कि फायर फाइटिंग ड्रोन पर तीनों ने लगभग दो महीने पहले इस पर काम करना शुरू किया। पानी छिड़काव प्रणाली से लैस ड्रोन को विकसित करने की लागत 14 हजार रुपये है। ड्रोन को बिजली की आपूर्ति करने के लिए स्थानीय स्तर उपलब्ध 2200 एमएएच बैटरी का उपयोग किया है। आइएसएम के विशेषज्ञ तकनीकी इनपुट और लाजिस्टिक आपूर्ति में मदद कर रहे हैं। एनवीसीटीआइ आइआइटी आइएसएम के तकनीकी अधिकारी रमेश प्रसाद ने बताया कि देवघर के तीन छात्रों की टीम द्वारा विकसित की जा रही अग्निशमन ड्रोन की अवधारणा काफी अभिनव है। इसके साथ ही डीएवी पब्लिक स्कूल कोयलानगर की टीम तालाबों एवं नदियों की सफाई परियोजना पर काम कर रही है। सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल नामुपारा जामताड़ा स्वचालित दुर्घटना जांच और बचाव प्रणाली पर काम कर रहा है।

## सरस्वती शिशु की अनिशा स्टेट टॉपर

**हिन्दुस्तान ओलंपियाड**

**सरायकेला, संवाददाता। पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सीनी** के बच्चों ने हिन्दुस्तान ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना व स्कूल का म्मान बढ़ाया है। विद्यालय की कक्षा नौ की छात्रा अनिशा महतो स्टेट टॉपर बनी है। कई छात्र-छात्राएं जिला टॉपर बने। शनिवार को स्कूल में विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार द्वारा स्टेट टॉपर को पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये एवं जिला टॉपरों को 2100 रुपये का चेक के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जानकारी हो कि आपका अपना लोकप्रिय अखबार हिंदुस्तान की ओर से प्रतिवर्ष हिन्दुस्तान ओलंपियाड आयोजित किया जाता है। इसमें पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को स्कूल, जिला व राज्य स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष



पुरस्कार राशि साथ पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थी। • हिन्दुस्तान

विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 7 सफल रहे। अनिशा महतो को 5100 रुपये एवं राहुल महतो (कक्षा दशम), डॉली लायक (कक्षा नवम), खुशी महतो (कक्षा सप्तम), रोशन मार्शल हेम्ब्रम (कक्षा चतुर्थ), यादवी कुमारी (कक्षा तृतीय) व दीपराज गुंजा (कक्षा द्वितीय) को जिला टॉपर बनने पर क्रमशः 2100 रुपये का चेक प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शेखर महतो, कंचन देवी, गोपाल महतो, फरजाना तब्बसुम, चंदना महतो व सानकी सोरेन समेत अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने विभाग स्तरीय प्रश्न प्रतियोगिता में लहराया अपना परचम

**झारखंड जागरण**

**पाकुड़** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को साहेबगंज विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता राजमहल में प्रांतीय योजना अनुसार आयोजित की गई, जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पाकुड़ ने अंग्रेजी किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, अंग्रेजी बाल वर्ग में द्वितीय स्थान, अंग्रेजी शिशु वर्ग में प्रथम स्थान एवं संस्कृत बोध परियोजना में किशोर वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बलिहारपुर, पाकुड़ का नाम रोशन किया। अब सभी सफल भैया/ बहन 15 अक्टूबर को बोकारो थर्ड सी में आयोजित प्रांत स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य



रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव विजय शंकर सिंह, समिति के सभी पदाधिकारी सहित पूरा विद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कार्यक्रम में सम्मिलित भैया /बहन के संरक्षक आचार्य के रूप में मौलेश्वरी प्रसाद राय, करुणा सिंधु साह, इति कर्मकार एवं डालिया सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## Krishna form decoration competition organized



**DN ■ Hariharganj**

On the occasion of Janmashtami, a Krishna form decoration competition was organized at the local Saraswati Shishu Vidya Mandir on Wednesday under the Vidya Bharti scheme. The program started with lamp lighting and Saraswati Vandana. In the decoration competition, the first prize was given to Prince Kumar of class Bodh, second prize to Anu Kumari and third prize to Nishu Kumari of class VIII and special prize to Kaushal Kumar of class IV for becoming Krishna. Rest of the participants were given consolation prizes. Acharya Sanjay Singh, Hansraj Gupta, Mohan Thakur, Abhay Mishra, Naveen Pandey, Acharya Neelima Mehta, Anita Kumari, Amrita, Sunita, Khushboo, Priya, Monika, Anju, Priyanka, Kajal Kumari etc were present on this occasion.

## सरस्वती विद्या मंदिर भूली में विद्या भारती के खेल सप्ताह का समापन



**भास्कर न्यूज़ | भूली**

मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर भूली में चल रहे खेल सप्ताह का मंगलवार को समापन हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन सिंफर के सेवानिवृत्त प्रधान वैज्ञानिक डॉ राजशेखर सिंह, जैक के पूर्व उपाध्यक्ष फूल सिंह, समाजसेवी कौशल किशोर सिंह, शकुंतला मिश्रा, सुनील कुमार सिन्हा एव प्राचार्य शिवबालक प्रसाद सिंह ने किया। विद्या भारती योजना के अनुसार 21 से 29 अगस्त तक विद्यालय में खेल सप्ताह का अयोजन किया गया था। इस दौरान विद्यालय के छात्रों के बीच 100 मीटर दौड़, रिले रेस, बाधा दौड़, हाई जंप, लांग जंप, भाला फेंक, गोला फेंक आदि स्पर्धाएं हुई। विद्यालय के कर्मचारियों के बीच भी दौड़ की प्रतियोगिता हुई। समारोह के अयोजन में खेल शिक्षक अखिलेश कुमार सिंह, विद्युत दत्त, जय कुमार, खगेंद्रनाथ दुबे आदि थे।

## बच्चों की प्रतिभा में चार-चाँद लगाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**करगली(बेरमो)**। पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन कन्या उच्च विद्यालय ढोरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 100 से अधिक छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कस्तूरबा संकुल के संयोजक अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय, प्राचार्य इंद्रावती मिश्रा एवं पंकज कुमार मिश्रा ने लड्डूगोपाल कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में विभिन्न गीतों पर नृत्य व नाट्य कला की अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। सचिव धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भैया-बहनों के



अंदर बचपन से ही भारत की संस्कृति और सभ्यता की नींव डाली जाय, ताकि बच्चें बड़े होकर संस्कारी बने और श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर त्याग, समर्पण, आदर, मित्रता, प्रेम, भक्ति व वात्सल्य की भावना अपने जीवन मे उतारकर समाज के लिए एक आर्दश प्रस्तुत करें। प्राचार्य इंद्रावती मिश्रा ने कही कि भावी इतिहास बच्चों का ही है। लिहाजा ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास, नई सोच का विकास होता है।अंत मे बेहतर साज सज्जा के आधार पर प्रतिभागियों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्राचार्य के द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। यह कार्यक्रम वाटिका खंड के प्रभारी विभा सिंह, वीणा कुमारी एवं अंजली सिंह के नेतृत्व में किया गया। मंच संचालन प्रवक्ता बहन अनन्या सिंह एवं माही कुमारी ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आचार्या प्रियंका कुमारी, शैलबाला कुमारी, संजू ठाकुर, संगीता कुमारी, खुशबू कुमारी, आचार्य प्रदीप कुमार महतो, ऋषिकेश तिवारी, कुमार गौरव, राजेंद्र पांडेय, शैलेंद्र कुमार सिंह, शिवपूजन सोनी, मंतोष प्रसाद, दीपक कुमार ने अहम भूमिका निभाई।







